प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में रांची की राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया जिक्र, गुरविंदर सिंह और अनिमेष कुजूर से बातचीत कर दी बधाई।

2. सीयूईटी–यूजी तकनीकी दिक्कत पर एनटीए ने जताया खेद, 3,765 अभ्यर्थियों के लिए पुनर्परीक्षा की तैयारी, एनटीए जल्द करेगा नई तारीख की घोषणा।

3. रांची के जलाशयों और नदियों से अतिक्रमण हटाने का दिया गया निर्देश, हरमू नदी, कांके और धुर्वा डैम पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई तेज।

4. कल से महंगी होगी बस यात्रा, रांची–हजारीबाग समेत कई रूटों पर 30 प्रतिशत तक बढ़ा किराया, यात्रियों के साथ माल ढुलाई पर भी पड़ेगा असर।

और

5. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज शाम होगा आईपीएल का फाइनल, रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस में होगी खिताबी जंग।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में देशभर के करीब 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने विभिन्न स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ियों गुरिंदर वीर सिंह, विशाल टीके, तेजस्विन शंकर, देव मीणा और कुलदीप कुमार को बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 100 मीटर दौड़ में नया रिकॉर्ड बनाने वाले खिलाड़ियों गुरविंदर सिंह और अनिमेष कुजूर से बातचीत भी की। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव प्रधानमंत्री के साथ साझा किए।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से मौजूदा गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने और विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की है। आज आकाशवाणी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए और तेज धूप में बाहर निकलते समय सतर्क रहना चाहिए।

****

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट, सीयूईटी–यूजी के दौरान हुई तकनीकी गड़बड़ी को लेकर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने छात्रों और अभिभावकों से माफी मांगी है। एनटीए के अनुसार, 30 मई को आयोजित परीक्षा की पहली पाली में कुछ परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी खराबी के कारण परीक्षा समय पर शुरू नहीं हो सकी। एजेंसी ने बताया है कि इस समस्या से प्रभावित कुल 3 हजार 765 अभ्यर्थियों को पुनर्परीक्षा का अवसर दिया जाएगा। पुनर्परीक्षा की तिथि और प्रभावित उम्मीदवारों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी।

****

रांची जिले में जल सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में प्रमुख जलाशयों और नदियों को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरमू नदी के जलग्रहण क्षेत्र, कांके डैम, धुर्वा डैम तथा अन्य प्रमुख जलाशयों के आसपास से अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर अतिक्रमण की सूची तैयार करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

****

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से आयोजित झारखंड बीएड प्रवेश परीक्षा आज राज्यभर के 94 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में 45 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। राजधानी रांची में सबसे अधिक 30 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। बीएड पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आयोजित यह परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू हुई और दोपहर 12 बजे तक चली।

****

कोडरमा जिले में एक जून से बस यात्रा महंगी हो जाएगी। जिला बस ऑनर्स एसोसिएशन ने डीजल, टायर, मोटर पार्ट्स और टोल टैक्स की बढ़ती लागत को देखते हुए बस किराए में 15 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। झुमरीतिलैया में आयोजित एसोसिएशन की बैठक में यह फैसला लिया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने बताया कि बढ़ी हुई दरें एक जून से लागू होंगी। इससे झुमरीतिलैया से रांची, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, चतरा, नवादा और रजौली सहित विभिन्न मार्गों पर यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक किराया देना होगा।

****

सिमडेगा जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जलडेगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के गांगुटोली स्थित शनि मनी ढाबा में छापेमारी कर पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब बरामद की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धर्मदेव पासवान ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इस कार्रवाई में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 70 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

बोकारो जिले के बीएसएल की एलएच कॉलोनी में एक घर में भीषण आग लगने से दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। मिली जानकारी के अनुसार घर में रखा मिट्टी तेल का एक ड्रम आग की चपेट में आ गया, जिसके बाद आग तेजी से फैलकर पूरे घर में फैल गई।

****

भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट टीम के थाइलैंड दौरे के लिए झारखंड के युवा खिलाड़ी आदर्श राज को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने विश्वास जताया कि आदर्श राज के नेतृत्व में भारतीय टीम थाइलैंड दौरे पर शानदार प्रदर्शन करेगी और देश का नाम रोशन करेगी।

****

इंडियन प्रीमियर लीग, आईपीएल क्रिकेट के फाइनल में आज रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाला यह खिताबी मुकाबला शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। दोनों टीमों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है।

*******समाप्त***********